web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Social Justice Union
Govt. Registered

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 19 अप्रैल 2025 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 197

## एक मई से नहीं लागू होगा सैटेलाइट आधारित टोलिंग सिस्टम, केंद्र ने जारी किया स्पष्टीकरण

नई दिल्ली । आरएनएस



केंद्र सरकार ने शुक्रवार को स्पष्टीकरण जारी करते हुए उन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया, जिसमें एक मई से राष्ट्रीय स्तर पर सैटेलाइट आधारित टोलिंग सिस्टम लागू करने की बात कही गई थी। सडक़, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि कुछ मीडिया हाउस की रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि एक मई से राष्ट्रीय स्तर पर सैटेलाइट आधारित टोलिंग सिस्टम लागू हो जाएगा और यह मौजूदा फास्टैग आधारित टोल कलेक्शन सिस्टम को रिप्लेस करेगा।

मंत्रालय ने आगे कहा, हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि सडक़, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय या भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा सैटेलाइट आधारित टोलिंग सिस्टम एक मई से लागू करने को लेकर कोई फैसला नहीं लिया गया है।

टोल प्लाजा पर वाहनों की निर्बाध, बिना किसी परेशानी के आवाजाही को सक्षम करने और यात्रा के समय को कम करने के लिए चुनिंदा टोल प्लाजा पर एएनपीआर-फास्टैग बेस्ट बैरियर-लैस टोलिंग सिस्टम लागू किया जाएगा।

मंत्रालय ने बताया कि यह एडवांस टोलिंग सिस्टम ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन (एएनपीआर) टेक्नोलॉजी, जिसमें नंबर प्लेट से वाहनों की पहचान की जाती है और फास्टैग सिस्टम, जो कि रेडियो-फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) पर काम करता है, दोनों का मिश्रण होगा।

इस सिस्टम के तहत वाहनों से टोल हाई परफॉर्मेंस वाले एएनपीआर कैमरा और फास्टैग रीडर्स के माध्यम से लिया जाएगा, जिसमें वाहनों को टोल प्लाजा पर रुकने की आवश्यकता नहीं होगी।

मंत्रालय के मुताबिक, अगर वाहन चालक टोल पर भुगतान नहीं करते हैं तो उन्हें ई-नोटिस दिया जाएगा और उनका फास्टैग भी रद्द किया जा सकता है और जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क पर करीब 855 प्लाजा हैं, जिनमें से 675 सरकारी हैं, जबकि 180 या उससे अधिक निजी ऑपरेटरों द्वारा मैनेज किए जाते हैं। इस महीने की शुरुआत में, एनएचएआई ने बढ़ती लागतों के कारण देश भर में राजमार्गों और एक्सप्रेसवे के टोल शुल्क में औसतन 4 से 5 प्रतिशत की वृद्धि की थी।

## परमाणु क्षमता बढ़ाने की तैयारी में भारत, विदेशी कंपनियों के लिए आसान हो जाएंगे कानून



नई दिल्ली । आरएनएस

भारत सरकार विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए परमाणु दायित्व कानूनों में बदलाव की तैयारी कर रही है। सरकार की योजना ऐसे संशोधन करने की है, जिससे विदेशी आपूर्तिकर्ताओं की कानूनी जोखिम की चिंताएं कम हों। खासकर अमेरिकी कंपनियां, जैसे जनरल इलेक्ट्रिक और वेस्टिंगहाउस, असीमित दायित्व के कारण भारत में निवेश से अब तक हिचक रही थीं।

सूत्रों के अनुसार, सरकार 2010 के सिविल लायबिलिटी फॉर न्यूक्लियर डैमेज एक्ट की उन धाराओं को हटाना चाहती है, जो दुर्घटनाओं की स्थिति में आपूर्तिकर्ताओं पर असीमित मुआवजे का बोझ डालती हैं। नए मसौदे के तहत ऑपरेटर केवल अनुबंधित राशि तक ही आपूर्तिकर्ता से मुआवज़ा मांग सकेगा।

यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस लक्ष्य के तहत है, जिसमें वर्ष 2047 तक देश की परमाणु ऊर्जा क्षमता को 12 गुना बढ़ाकर 100 गीगावाट करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही भारत और अमेरिका के बीच संभावित व्यापार समझौते की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है, जिसका उद्देश्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाना है।

सरकार को उम्मीद है कि मानसून सत्र (जुलाई 2025) में यह संशोधन संसद से पारित हो जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार, यह बदलाव भारत के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्य को बल देगा और विदेशी तकनीक एवं निवेश को सुगमता से आकर्षित करेगा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सीलमपुर में नाबालिग लडक़े की हत्या, आक्रोशित लोगों ने किया जाम रोड, परिजनों ने कहा- आरोपियों को हो फांसी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर पूर्वी दिल्ली में न्यू सीलमपुर के जे-ब्लॉक में 17 वर्षीय एक लडक़े की बेरहमी से चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान उसी इलाके के निवासी राजवीर के बेटे कुणाल के रूप में हुई है। कुणाल की हत्या से आक्रोशित लोगों ने सीलमपुर में रोड जाम कर दिया है। भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद है। स्थानीय लोग आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं। वहीं, मृतक के परिजनों का कहना है कि आरोपियों को फांसी होनी चाहिए। मृतक की मां ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि इस इलाके में पहले भी कई हत्याएं हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि लेडी डॉन लोगों को परेशान करती है। ग्रुप में जाकर लोगों के घरों पर हमला करती है। वहीं, मृतक की बहन ने बताया कि पुलिस ने अभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। लेडी डॉन लगभग तीन महीने पहले जेल से बाहर आई थी। क्षेत्र में बिना बात पर लोगों को मारकर चली जाती है। मृतक की बहन करीना ने आईएएनएस को बताया कि कुणाल मेरा छोटा भाई है। लेडी डॉन के सवाल पर करीना ने कहा कि मैं उसे नहीं जानती। कुणाल भूखा था और वह दूध लेने के लिए गया था। उसे कोई बुलाकर ले गया था, जहां उसकी चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। हम इंसाफ चाहते हैं।

### महिला से छेड़छाड़ के बाद अधेड़ ने बीच सडक़ काट लिया अपना गला, अस्पताल में मौत

**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के झोटवाड़ा थाना इलाके में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब छेड़छाड़ के आरोप में पकड़े गए एक व्यक्ति ने दिनदहाड़े बीच सडक़ पर धारदार हथियार से अपना गला काट लिया। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना जोशी मार्ग पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक अधेड़ उम्र का व्यक्ति एक महिला के साथ सरेराह अश्लील हरकतें कर रहा था। यह देख आस-पास मौजूद लोगों ने उसे पकडऩे का प्रयास किया। भीड़ से खुद को घिरा देखकर आरोपी घबरा गया और उसने अचानक अपनी जेब से एक धारदार हथियार निकाला और तत्काल अपने गले पर वार कर दिया। अचानक हुई इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही झोटवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को पास के कांवटिया अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान जोशी मार्ग निवासी करीब 50 वर्षीय आनंद के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आनंद कुछ दिन पहले ही जेल से छूटा था। प्राथमिक जांच में उसके आपराधिक पृष्ठभूमि का भी पता चला है और उसके खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज थे।

### नोएडा में साइड नहीं देने पर कार सवार दो आरोपियों ने मारी गोली, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नोएडा (आरएनएस)।** नोएडा की थाना सेक्टर-63 पुलिस ने एक सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने सडक़ पर मामूली विवाद के चलते एक व्यक्ति के साथ गाली-गलौज की और उसके सिर में गोली मार दी। यह घटना शुक्रवार को सामने आई, जब पीड़ित ने थाने में मामला दर्ज करवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फॉर्च्यूनर गाड़ी में सवार दो अज्ञात युवकों ने पीड़ित के गांव के एक व्यक्ति से साइड नहीं देने को लेकर झगड़ा किया। इसके बाद देखते ही देखते गोली चला दी। इस वारदात में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर-63 पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज किया। घटना की गंभीरता देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और फॉर्च्यूनर वाहन को ट्रेस किया। जांच के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों की पहचान की। इनमें विकास कुमार बुलंदशहर का मूल निवासी है, जो फिलहाल नोएडा के सेक्टर-71 में रहता है। वहीं, ललित कुमार अंबेडकरनगर के मालीपुर थाना के खालिसपुर भटोनी का रहने वाला है।

## पंजाब के दो हथियार तस्कर गिरफ्तार, पांच अवैध पिस्टल मय मैग्जीन जब्त

चित्तौडग़ढ़ । आरएनएस

चित्तौडग़ढ़ जिले की कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने गुरुवार को हथियार तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पंजाब के दो हथियार तस्करों अवतार सिंह पुत्र करनेल सिंह एवं जसवीर ठाकुर पुत्र रणजिन्दर सिंह (25) निवासी गढ़शकर जिला होशियारपुर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पांच अवैध पिस्टल मय मैग्जीन जब्त की है। इन्होंर एक ट्रक चालक को धोखे में रख अपने बैग व कपड़ो में पिस्टल छिपाकर लिफ्ट ली थी।

एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध गतिविधियों पर नजर रख व धरपकड़ करने के उद्देश्य से एएसपी सरिता सिंह के निर्देशन व डीएसपी निम्बाहेड़ा बद्रीलाल राव के सुपरविजन में थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेडा राम सुमेर मीणा के निर्देश पर एएसआई सूरज कुमार व हैड कांस्टेबल हरविन्दर सिंह, कांस्टेबल रामचन्द्र, हेमन्त, रामकेश, राकेश, विजयसिंह, शिशपाल, सुरेन्द्र पाल, विक्रम व बहादूर सिंह द्वारा निम्बाहेडा बाईपास हाईवे रोड़ पर नाकाबंदी की जा रही थी।

नाकाबंदी के दौरान हाईवे रोड पर नीमच की तरफ से एक संदिग्ध ट्रक को चैक करने रूकवाया गया। ट्रक के रुकते ही खलासी साईड से दो व्यक्ति उतर कर भागने लगे तब कांस्टेबल रामकेश ने तत्परता दिखाते हुए भाग कर दोनो व्यक्ति को धर दबोचा। दोनो युवक काफी घबराये हुये लग रहे थे।संदिग्ध लगने पर दोनों की तलाशी ली गई।

तलाशी में अवतार सिंह के बैग से तीन पिस्टल व तथा साथी जसवीर ठाकुर पुत्र रणजिन्दर सिंह की पेन्ट की आंट से एक पिस्टल, बायें जेब से एक और पिस्टल मिली। दोनो आरोपियों के कब्जे में मिली उक्त अवैध 05 पिस्टल मय मैग्जीन जब्त कर आरोपी अवतार सिंह व जसवीर ठाकुर को गिरफ्तार किया गया।

## रक्षा सचिव ने लंदन में की ड्रोन, निगरानी, डिफेंस स्पेस और विमानन पर चर्चा

नई दिल्ली । आरएनएस

भारत और यूनाइटेड किंगडम ने उभरते क्षेत्रीय और वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य की समीक्षा की है। यह समीक्षा रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह के दो दिवसीय लंदन दौरे के दौरान की गई। रक्षा सचिव ने यहां दोनों देशों की आर्मी, नौसेना और वायुसेना के बीच सैन्य संपर्क बढ़ाने पर भी विचार किया। ड्रोन, निगरानी, डिफेंस स्पेस और विमानन को लेकर भी यूनाइटेड किंगडम के साथ चर्चा की गई है।

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह 16 और 17 अप्रैल को लंदन की आधिकारिक यात्रा पर थे। इस यात्रा में उन्होंने यूनाइटेड किंगडम के साथ वार्षिक द्विपक्षीय रक्षा वार्ता के लिए एक उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। यात्रा के दौरान, उन्होंने रक्षा के लिए स्थायी अवर सचिव डेविड विलियम्स के साथ 24वीं भारत-यूके रक्षा सलाहकार समूह की बैठक की सह-अध्यक्षता की। दोनों पक्षों ने उभरते क्षेत्रीय और वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य की समीक्षा के साथ-साथ रक्षा संबंधों को गहरा करने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता जताई है।

शुक्रवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चर्चा 2021 में घोषित व्यापक रणनीतिक साझेदारी और 2030 के रोडमैप के संदर्भ में हुई, जो दोनों देशों के बीच सहयोग को आगे बढ़ाता है। रक्षा सचिव ने यूके के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन पॉवेल के साथ भी बातचीत की, जिसमें तीनों सेनाओं के बीच सैन्य संपर्क का विस्तार करने को लेकर चर्चा हुई। यहां इस बातचीत में दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग को मजबूत करने पर फोकस किया गया। रक्षा सचिव ने लंदन में यूके इंडिया बिजनेस काउंसिल द्वारा आयोजित भारत-यूके रक्षा उद्योग गोलमेज सम्मेलन में प्रतिभागियों को संबोधित किया।

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने यहां नौसेना प्रणाली, ड्रोन, निगरानी, डिफेंस स्पेस और विमानन जैसे प्रमुख रक्षा क्षेत्रों में भारतीय स्टार्ट-अप की बढ़ती क्षमताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने यूके की कंपनियों को इन भारतीय नवोन्मेषकों के साथ साझेदारी की संभावना तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने लागत प्रभावी और अत्याधुनिक समाधान देने की उनकी क्षमता पर ध्यान दिलाया। रक्षा सचिव ने यह भी कहा कि भारत भविष्य में उद्योग संपर्क बढ़ाने और औद्योगिक सहयोग रोडमैप विकसित करने के लिए यूके के रक्षा मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है।

गौरतलब है कि इससे पहले भारत और इटली के बीच रक्षा सहयोग और रक्षा संबंधों पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई थी। यह चर्चा इटली की राजधानी रोम में हुई थी। भारत के रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने 14 और 15 अप्रैल को इटली की राजधानी रोम का आधिकारिक दौरा किया था। इस दौरान दोनों देशों ने समुद्री सहयोग, लाल सागर (रेड सी) और पश्चिमी हिंद महासागर क्षेत्र की स्थिति पर विचार-विमर्श किया। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने अपनी यात्रा में इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेट्टो से भेंट की थी।

## पंजाब में पुलिस टीम पर जानलेवा हमला, एएसआई का सिर फोड़ा, कॉन्स्टेबल की लाठियों से पिटाई; 4 के खिलाफ मामला दर्ज

गिद्दड़बाहा । आरएनएस



पंजाब में 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान पर निकली पुलिस टीम पर मुक्तसर जिले के गिद्दड़बाहा क्षेत्र में जानलेवा हमला हुआ है। कथित नशा तस्करों ने स्पेशल स्टाफ के एक सहायक उप-निरीक्षक और एक कॉन्स्टेबल को लाठियों से बेरहमी से पीटा, जिससे ्रस्द्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हमले में दो महिलाएं भी शामिल थीं। पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

घटना वीरवार शाम भारू चौक झुग्गियों इलाके में हुई। स्पेशल स्टाफ के एएसआई राज बहादुर सिंह कॉन्स्टेबल जसप्रीत सिंह के साथ पंजाब सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत खुफिया सूचना के आधार पर नशा और तस्करों की तलाश में गश्त कर रहे थे।

एएसआई राज बहादुर सिंह ने बताया कि शाम करीब पांच बजे जब वे भारू चौक झुग्गियों में जा रहे थे, तभी सूरज प्रताप सिंह उर्फ सूरज, करमजीत कौर उर्फ गग्गू (पत्नी जसविंदर सिंह), अर्शदीप सिंह और कमलप्रीत कौर (पत्नी लवप्रीत सिंह) निवासी भारू चौक झुग्गियों ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने पुलिस टीम को चुनौती देते हुए कहा कि आज वे उन्हें नशे के खिलाफ कार्रवाई करने का तरीका सिखाएंगे और उन्हें मार गिराएंगे।

इसके तुरंत बाद, सूरज प्रताप सिंह ने एएसआई राज बहादुर सिंह के सिर पर लाठी से जोरदार वार किया, जबकि करमजीत कौर ने उनकी पीठ पर वार किया। अर्शदीप सिंह ने भी उसी लाठी से एएसआई के दाहिने हाथ पर वार किया, जिससे वह जमीन पर गिर गए। हमले में एएसआई का सिर फट गया और उनके बाएं हाथ की उंगलियों में भी गंभीर चोटें आईं।

जब कॉन्स्टेबल जसप्रीत सिंह बीच बचाव में आए, तो कमलप्रीत कौर ने उनके दाहिने हाथ पर लाठी से वार कर दिया। आरोपियों ने जमीन पर गिरे एएसआई राज बहादुर सिंह पर लगातार प्रहार किए। पुलिस कर्मचारियों की चीख-पुकार सुनकर और आस-पास के लोगों को इक_ा होते देख हमलावर अपने हथियारों सहित मौके से फरार हो गए।

कॉन्स्टेबल जसप्रीत सिंह ने घायल एएसआई राज बहादुर सिंह को तुरंत सिविल अस्पताल गिद्दड़बाहा में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

डीएसपी अवतार सिंह राजपाल ने बताया कि इस मामले में थाना गिद्दड़बाहा में सूरज प्रताप सिंह, करमजीत कौर उर्फ गग्गू, अर्शदीप सिंह और कमलप्रीत कौर सहित चार नामजद आरोपियों के खिलाफ हमला करने, सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## कानपुर एयरपोर्ट पर बम की अफवाह से हड़कंप, दो घंटे की जांच और आरोपी गिरफ्तार

कानपुर । आरएनएस

कानपुर के चकेरी एयरपोर्ट पर शुक्रवार को बम की अफवाह से हडक़ंप मच गया। घटना तब हुई जब किसी सिरफिरे ने फोन करके एयरपोर्ट अधिकारियों को जानकारी दी कि एयरपोर्ट पर एक 72-सीटर हवाई जहाज में बम रखा गया है। यह जानकारी मिलते ही एयरपोर्ट प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों ने तत्काल सक्रियता दिखाई। एयरपोर्ट पर तुरंत सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया गया और एयरपोर्ट के हर कोने को खंगालने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि कानपुर एयरपोर्ट पर सामान्यत: 72 सीटर हवाई जहाजों का संचालन नहीं होता है, जिससे बम की सूचना के होने की संभावना पर सवाल उठने लगे। हालांकि, पूरे एयरपोर्ट परिसर को सुरक्षा बलों ने सर्च किया, ताकि किसी भी प्रकार के खतरे से बचा जा सके। बम की अफवाह को लेकर पुलिस ने चकेरी थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। इसी बीच, पुलिस ने मामले में सख्ती से कार्रवाई करते हुए सिरफिरे की पहचान करने के लिए मोबाइल सर्विलांस का सहारा लिया। सर्विलांस के जरिए पुलिस ने आरोपी की लोकेशन ट्रेस की और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 12.30 बजे मोहित नाम के किसी अज्ञात व्यक्ति ने टर्मिनल ड्यूटी सेल न्यू चकेरी एयरपोर्ट पर फोन किया और कहा कि कानपुर एयरपोर्ट पर 72 सीटर फ्लाइट में बम है।

## संभव जैन संग विवाह बंधन में बंधीं अरविंद केजरीवाल की बेटी हर्षिता

नई दिल्ली । आरएनएस



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की बेटी हर्षिता केजरीवाल शुक्रवार को विवाह बंधन में बंध गईं। उन्होंने संभव जैन के साथ दिल्ली में सात फेरे लिए। यह शादी समारोह सादगीपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। हर्षिता और संभव जैन का विवाह समारोह दिल्ली के कपूरथला हाउस में आयोजित किया गया, जहां उन्होंने पारंपरिक रीति-रिवाज से सात फेरे लिए।

इससे पहले, 17 अप्रैल को दिल्ली के शंगरीला होटल में मेहंदी और अन्य प्री-वेडिंग रस्मों का आयोजन किया गया था। इन कार्यक्रमों में सीमित संख्या में ही लोग शामिल हुए थे, जिनमें पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया प्रमुख रूप से मौजूद रहे। विवाह के बाद, अब 20 अप्रैल को रिसेप्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

हर्षिता केजरीवाल और संभव जैन ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में साथ में पढ़ाई की है। दोनों ने कुछ ही महीने पहले मिलकर एक स्टार्टअप भी शुरू किया है।

शादी से पहले शंगरीला होटल में हुई मेहंदी व अन्य रस्मों के दौरान अरविंद केजरीवाल और उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने डांस भी किया।

## गीता और नाट्यशास्त्र यूनेस्को मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल, पीएम मोदी बोले, हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण

नई दिल्ली । आरएनएस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीमद्भगवद्गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किए जाने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने इसे प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का क्षण बताया। दरअसल, शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए जानकारी दी कि गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया गया है।

केंद्रीय मंत्री शेखावत के इसी पोस्ट का जवाब देते हुए पीएम मोदी ने लिखा, समूचे विश्व में प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का क्षण। गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया जाना हमारे शाश्वत ज्ञान और समृद्ध संस्कृति को वैश्विक मान्यता प्रदान किया जाना है। गीता और नाट्यशास्त्र ने सदियों से सभ्यता और चेतना का पोषण किया है। उनकी अंतर्दृष्टि दुनिया को प्रेरित करना जारी रखे हुए है।

इससे पहले केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारत की सभ्यतागत विरासत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण। श्रीमद्भगवद्गीता और भरत मुनि का नाट्यशास्त्र अब यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया गया हैं। यह वैश्विक सम्मान भारत की शाश्वत बुद्धिमत्ता और कलात्मक प्रतिभा का जश्न मनाता है।

उन्होंने आगे लिखा, ये कालातीत रचनाएं साहित्यिक खजाने से कहीं अधिक हैं, ये दार्शनिक और सौंदर्यपरक आधार हैं, जिन्होंने भारत के विश्व-दृष्टिकोण और हमारे सोचने, महसूस करने, जीने और अभिव्यक्ति के तरीके को आकार दिया है। इसके साथ ही, अब इस अंतर्राष्ट्रीय रजिस्टर में हमारे देश के 14 अभिलेख शामिल हो गए हैं।

मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर यूनेस्को की तरफ से शुरू किया गया एक प्रोग्राम है, जिसका मकसद विश्वभर के महत्वपूर्ण दस्तावेजी विरासत को संरक्षित करना है। इसके साथ ही इसे आसानी से लोगों तक पहुंचाना होता है। इस कार्यक्रम की शुरुआत 1992 में हुई थी।

सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर के सम्मान और संरक्षण के लिए हर साल 18 अप्रैल को विश्व धरोहर दिवस मनाया जाता है। विश्व धरोहर सम्मेलन 1972 में यूनेस्को द्वारा किया गया एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है। विश्व धरोहर सम्मेलन को दुनिया भर के देशों ने महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और प्राकृतिक स्थलों की सुरक्षा के लिए अपनाया था।